इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय

IPC/20/07

26 जुलाई 2016

सूचना

छात्राएँ कृपया ध्यान दें !

इन्द्रप्रस्थ महाविद्यालय शताब्दी दशक पूर्वस्नातक शोध अनुदान
(Under-Graduate Research Grant)

महाविद्यालय की तृतीय सेमेस्टर के बाद की छात्राओं से निम्न निबंधन और शर्तों के अंतर्गत महाविद्यालय में दो सेमेस्टरों के लिए अपनी मूल/नवोन्मेषी परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित हैं :

1. प्रस्ताव किसी एक छात्रा या छात्राओं की टीम (अधिकतम 2-3) द्वारा प्रस्तुत किए जाएँ।
2. सभी तरह से पूर्ण प्रस्ताव में शीर्षक, उद्देश्य, कार्यप्रणाली, बजट, आदि स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट किए गए हों।
3. परियोजना को पूरा करने की निर्धारित अवधि निरंतर दो सेमेस्टर (एक वर्ष) होगी।
4. प्रत्येक परियोजना का एक परामर्शदाता होगा जो महाविद्यालय के बाहर का हो सकता है।
5. तथापि, परियोजना के अंतर्गत महाविद्यालय में परियोजना से संबंधित विषय के विभाग/केन्द्र का एक आंतरिक पर्यवेक्षक भी होगा।
6. महाविद्यालय की शोध समिति के मूल्यांकन और संस्तुति पर अनुदान दिया जाएगा।
7. महाविद्यालय के पास परियोजना की रिपोर्ट/शोध/निष्कर्ष को प्रकाशित करने का अधिकार होगा।

सभी आवेदकों को 'शोध और कार्यप्रणाली' (Research and Methodology) कार्यशाला में भाग लेना होगा। कार्यशाला की तिथि शीघ्र ही महाविद्यालय की वेबसाइट पर सूचित कर दी जाएगी।

परियोजना से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2016 है।

प्रस्ताव प्राचार्या के कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएँ।

प्राचार्या

प्रतिलिपि : सभी शिक्षक
वेबसाइट
नोटिस बोर्ड